भागीरथी बाल शिक्षा सदन सै० स्कूल

कक्षा - VI

विषय - संस्कृत

सत्र - 2020-21

पाठ - 1 संस्कृत - वर्णमाला

वर्ण :- वह ध्वनि जिसके टुकड़े न हो सकें। तथा वर्णों के समूह को वर्णमाला कहते हैं। वर्ण दो प्रकार के हैं - स्वर, व्यंजन।



अयोगवाह :- ये न स्वर होते हैं और न व्यंजन इन्हें स्वरों तथा व्यंजनों के साथ जोड़कर लिखा जाता है। ये दो होते हैं।

(1) अनुस्वार (ं) (2) विसर्ग (ः)

संयुक्त व्यंजन :- दो व्यंजनों के मेल से बनने वाले व्यंजन संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं। जैसे -

त् + र् + अ = त्र (पत्र, मित्र आदि)

क् + ष् + अ = क्ष (कक्षा, परीक्षा, आदि)

Scanned with CamScanner

वर्ण संयोजन :- वर्णों को परस्पर जोड़कर शब्द बनाना ।
जैसे :-
ल् + अ + त् + आ = लता

वर्ण - विच्छेद :- शब्दों के वर्णों को अलग - अलग करना ।
जैसे :-
भवत् = भ् + अ, + व् + अ + त् ।

अभ्यास कार्य

1. वर्ण - विच्छेद और वर्ण-संयोजन कीजिए ।
(क) अश्वाः = अ + श् + व् + आः ।
(ख) माता = म् + आ + त् + आ ।
(ग) म् + उ + न् + इः = मुनिः ।
(घ) स् + आ + ध् + उः = साधुः ।
(ङ) भ् + आ + न् + उः = भानुः ।

गृह कार्य

2. निम्नलिखित वर्णों में से स्पर्श, अन्तस्थः और ऊष्म व्यंजन अलग कीजिए।
व्, त्, द्, न्, य्, श्, म्, स्, र्, च्, ल्, ष्, ह् ।

3. स्वर तथा व्यंजनों को अलग - अलग लिखिए ।
क्, च्, अ, ग्, आ, द्, ई, ऊ, न्, म्, ए, ओ ।

4. शुद्ध उत्तर लिखिए ।
(क) आ, ए, इ, ओ — एषु ह्रस्वः स्वरः कः ? उत्तर :- इ
(ख) अ, ऊ, ऋ, इ — एषु दीर्घः स्वरः कः ?
(ग) अ, आ, ऊ, क् — एषु स्पर्श- व्यजनं किम् ?
(घ) त्, य्, प्, ष् — एषु ऊष्म व्यजनम् किम् ?

5. अपने नाम का वर्ण विच्छेद करके कापी में लिखिए।

नोट :- यह सभी कार्य अपनी संस्कृत की पुरानी कॉपी में कीजिए
जब स्कूल खुलेंगे तब आपका कार्य जाँचा जाएगा और
आपको इसके नम्बर भी दिए जाएगें ।

Scanned with CamScanner